**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–5 / 907 / 2019 / 10–11 / 3563 भोपाल, दिनांक 05-11-19

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी,
(सामान्य) वन मण्डल,
सतना, म0प्र0।

**विषयः– सतना जिले में बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत इनटेकवेल के निर्माण हेतु 1.300 हेक्टेयर वन भूमि म0प्र0 जल निगम मर्यादित, सतना को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक, रीवा का पत्र क्रमांक / मा0चि0 / 10272 दिनांक 21.10.2019

––0––

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके द्वारा मुख्य वन संरक्षक, रीवा ने विषयांकित प्रकरण का प्रस्ताव अपनी अनुशंसा उपरांत इस कार्यालय को अनुमोदन हेतु भेजा है। प्रस्ताव का परीक्षण किया गया, प्रस्ताव में निम्न कमियां पाई गईः–

1– ऑनलाईन भाग–1 के बिन्दु क्रमांक C(iii) में अपलोड की गई प्रभावित वन भूमि की सर्वे ऑफ इंडिया की टोपोशीट की हार्डकॉपी ए–4 साईज में भेजी गई है, जो की मूल प्रति में आवेदक एवं आपके हस्ताक्षर सहित भेजी जावे।

2– प्रकरण में आवेदक संस्थान द्वारा जल निगम के 05 प्रकरणों में एक साथ 29.574 हेक्टेयर गैर वन भूमि उपलब्ध कराने हेतु लेख किया है, जिस पर आपके द्वारा वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना बनाई गई है। गैर वन भूमि हस्तांतरण संबंधित कलेक्टर का आदेश प्रस्ताव में संलग्न नहीं है, आवेदक संस्थान से प्राप्त कर भिजवायें।

उपरोक्त कमियों की पूर्ति कर तत्काल इस कार्यालय को अवगत करावें ताकि प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके।

**(सुनील अग्रवाल)**
**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 907 / 2019 / 10–11 / 3564 भोपाल, दिनांक 05-11-19

**प्रतिलिपिः–**

(1) मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय), रीवा वृत्त, रीवा, म0प्र0।

(2) प्रबंधक, म0प्र0 जल निगम मर्यादित, क्रियान्वयन इकाई, सतना, म0प्र0।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**